24. योजना को पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि हम पक्के इरादे से और पूरी तरह वचनबद्ध होकर पूँजी निवेश के लिए काफी मात्रा में साधन जुटायें। एक मजबूत, खुशहाल और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने के लिये अथक परिश्रम, त्याग और मुश्किलें बर्दाश्त करने की जरूरत है। विकास के मार्ग में मुद्रास्फीति रुकावट न बने, इसके लिए बचत के काफी साधन जुटाने होंगे। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इन बचतों का इस्तेमाल कारगर ढंग से किया जाए। हमें चुनौती का सामना करना होगा। विकास के लिए कोई छोटा रास्ता नहीं है और कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।

25. निर्धनता दूर करने के कार्यक्रमों को जोर-शोर से लागू करने के महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं। छठी पंचवर्षीय योजना का लक्ष्य समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत एक करोड़ पचास लाख परिवारों को सहायता पहुँचाना था। वास्तव में, इससे एक करोड़ छियासठ लाख परिवारों को फायदा हुआ, जिनमें चौंसठ लाख परिवार अनुसूचित और अनुसूचित जन-जातियों के थे। इन कार्यक्रमों को मजबूत बनाया जा रहा है और अनाज के अतिरिक्त भण्डार का उपयोग वर्ष 1986-87 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम और ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए किया जाएगा, जिससे 10 लाख अतिरिक्त परिवारों

को लाभ होगा । अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों और मुक्त किये गये बंधुआ मजदूरों को आवास की सुविधायें देने के लिए सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान एक सौ करोड़ रुपये सालाना की व्यवस्था की गई है ।

26. दो लाख 31 हजार गांव ऐसे थे जहां पीने का अच्छा पानी उपलब्ध नहीं था । इनमें से एक लाख 92 हजार गांवों को मार्च, 1985 के अन्त तक पीने का कम से कम एक साधन अवश्य उपलब्ध कराया गया । 1985-86 के दौरान इस कार्यक्रम में और तेजी लाई गई ।

27. वर्ष 1985-86 में कृषि के क्षेत्र में बराबर प्रगति हुई है । नवम्बर, 1985 में, सरकार के पास अनाज का भण्डार 1984 की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक था । इसके फलस्वरूप सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों और दूसरे अभावग्रस्त वर्गों, खासकर अनुसूचित जातियों, गर्भवती माताओं, बच्चों आदि के लिए खास रियायती दामों पर गेहूं और चावल बांटने की योजना चलाई है । खरीफ की फसल के लिए निश्चित क्षेत्रों में एक व्यापक फसल बीमा योजना शुरू की गई है । सरकार ऐसी योजनाओं का और अधिक विस्तार करने पर विचार कर रही है ।

28. 1985-86 के पहले सात महीनों में औद्योगिक उत्पादन 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है । सरकार की नीति के कारण पूंजी निवेश का एक उत्साहजनक वातावरण तैयार हुआ है । बुनियादी उद्योगों का कार्य अच्छा रहा है । पिछले साल के पहले नौ महीनों की तुलना में बिजली का उत्पादन 8.2 प्रतिशत, बिक्री योग्य इस्पात का उत्पादन 12.9 प्रतिशत और उर्वरक का उत्पादन 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है । हमारे बन्दरगाहों में 13.2 प्रतिशत अधिक माल लादा-उतारा गया है और रेलवे ने माल ढोने का एक नया रिकार्ड कायम किया है ।

29. वर्ष 1985-86 में केन्द्रीय योजना लागत में विशेषकर निर्धनता दूर करने के कार्यक्रमों, मानव संसाधन विकास और बुनियादी उद्योगों पर 1984-85 के मुकाबले 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है । राज्य योजनाओं के लागत में काफी वृद्धि की गई थी । सरकार 1985-86 में खाद्य सम्बन्धी आर्थिक सहायता पर 1650 करोड़ रुपये और उर्वरक आर्थिक सहायता पर 2050 करोड रुपये खर्च करेगी । सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाया गया और उपयुक्त सप्लाई प्रबन्ध से जरूरी चीजों की कमी नहीं होने दी गई । यह बहुत संतोष की बात है कि सार्वजनिक पूंजी निवेश में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई ।

30. कर-वसूली का काम उत्साहजनक रहा है, जिससे निराशाजनक स्थिति का अनुमान गलत साबित हुआ है । प्रत्यक्ष करों की वसूली पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है । अप्रत्यक्ष करों की वसूली में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । कुल कर वसूली में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो कि पिछले दस वर्षों में सबसे ज्यादा है । कर की चोरी करने वालों, तस्करों और काला-बाजारियों के खिलाफ एक जोरदार अभियान चलाया गया था । जो कर्मचारी आर्थिक अपराधियों से मिलीभगत के दोषी पाए गये उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई है । सरकार आर्थिक जीवन को साफ सुथरा बनाने और काले धन की बुराई को खत्म करने का पक्का इरादा रखती है ।

31. पहली बार, पंचवर्षीय योजना की अवधि तक की एक दीर्घकालीन आर्थिक नीति

की घोषणा की गई है। आर्थिक नीति को एक दीर्घकालीन दिशा प्रदान की गई है। सरकार को विश्वास है कि इस नीति से अवश्य ही आर्थिक प्रगति होगी और लाभकारी निवेश तथा रोजगार के अवसरों का तेजी से विस्तार होगा।

32. सामाजिक न्याय के साथ विकास के अपने मूल उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में अर्थ-व्यवस्था के ढांचे संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान देना जरूरी है। सार्वजनिक पूँजी निवेश के स्तरों में लगातार वृद्धि होती रहे, इसी पर भारत का विकास निर्भर करता है। इन निवेशों के लिए धन की व्यवस्था किस प्रकार होगी ? पिछली योजनाओं में बड़े पैमाने पर किये गये पूँजी निवेश से काफी लाभ मिलना चाहिए। उत्पादन लागत में कमी करनी होगी। राष्ट्रीय बचत के हर पैसे का उत्पादन में अधिक से अधिक उपयोग करना होगा। नहीं तो आत्मनिर्भर विकास की गति को कायम रखने, गरीबी हटाने के कार्यक्रमों का विस्तार करने, और आर्थिक स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने के लिए बड़े पैमाने पर अपेक्षित पूँजी निवेश के लिए वास्तविक साधनों को हासिल करना कठिन होगा। देर-सबेर, बल्कि जल्दी ही हमें स्थिति की असलियत का सामना करना है। किसी को यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि विकास, सामाजिक न्याय मूल्यों, में स्थिरता और आत्मनिर्भरता को बिना कार्यकुशलता, अनुशासन और जिम्मेदारी के हासिल किया जा सकता है। समकालीन इतिहास हमें ऐसे खतरों से सावधान करता है।

33. हमें उत्पादन में काम आने वाले सामान की लागत को कम करना होगा और निर्मित वस्तुओं तथा सेवाओं की कीमतों में कमी करनी होगी। नहीं तो देश तथा विदेश के बाजारों में हमारा माल बिक नहीं पाएगा। उत्पादकता के निम्न स्तरों और उत्पादन की ऊँची लागत के आधार पर एक आधुनिक औद्योगिक समाज का विकास नहीं हो सकता। अगर मौजूदा औद्योगिक प्रतिष्ठान हर साल घाटे में चलें, तो रोजगार के नये अवसर नहीं पैदा किये जा सकते। परिचालन कार्य में कुशलता न होने से उत्पादन-लागत में वृद्धि होती है और इसका असर अवश्य ही कीमतों पर होता है, जिससे जनता पर बोझ पड़ता है। इससे हर तरफ कीमतों में वृद्धि होती है और वास्तविक निवेश में कमी हो जाती है।

34. योजना की प्रक्रिया का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम कितनी क्षमता से कठिन प्रश्नों का सामना करते हैं और सख्त निर्णय लेते हैं। इन निर्णयों में त्याग निहित है, परन्तु इनके बिना आगे बढ़ना सम्भव नहीं होगा। निर्धन लोगों के जीवन-स्तर को ऊँचा उठाने के लिए विकास निहायत जरूरी है। क्या हम ऐसे निर्णयों को टाल सकते हैं, जिनसे विकास की यह प्रक्रिया सुरक्षित और मजबूत हो ? राष्ट्रों का निर्माण ऐसी पीढ़ियों द्वारा किया जाता है जो एक सुन्दर भविष्य के लिए त्याग करती हैं।

35. भुगतान शेष की स्थिति से इसी प्रकार की चुनौती उत्पन्न होती है। 1985-86 में हमारे निर्यात में मंदी रही और हमारा आयात बढ़ा है। पैट्रोलियम पदार्थों और खाद्य तेलों का आयात देश की क्षमता से काफी अधिक हुआ है। मूल प्रश्न यह है कि क्या हम अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं या नहीं ? अगर हम ऐसा चाहते हैं तो हमें पैट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती खपत को रोकना होगा और तेलहन के मामले में आत्मनिर्भर होना होगा। हमें अपने पूँजीगत माल के आयात पर भी नए सिरे से गौर करना होगा। हम नई टेक्नॉलोजी को रोकना नहीं

चाहते, क्योंकि इससे हमें नुकसान होगा। परन्तु यह देखना है कि ऐसी टेक्नॉलोजी जरूरत के कठिन मापदण्ड की पूर्ति करे। बाहर से वित्तीय साधनों की जरूरत है, किन्तु सरकार का यह दृढ़ निश्चय है कि भारत कभी भी विदेशी बैंकों और संस्थाओं की दया पर निर्भर न रहे। हमारे विकास के सिद्धांत का केन्द्र बिन्दु आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता है। हम अपनी आर्थिक स्वतंत्रता को कायम रखने के लिए हर कीमत चुकायेंगे।

36. गुटनिरपेक्षता, शांति और परमाणु निःशस्त्रीकरण हमारी विदेश नीति के बुनियादी उद्देश्य बने हुए हैं। इनसे दोस्ती और सहयोग के क्षेत्र का विस्तार होगा और एक न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद मिलेगी।

37. सोवियत संघ और अमेरिका के बीच उच्च स्तरीय बातचीत शुरू हुई, हम इसका स्वागत करते हैं। यह जरूरी है कि परमाणु शस्त्रों की होड़ को रोकने और परमाणु हथियारों के परीक्षण पर पाबन्दी लगाने की व्यापक संधि के लिए कदम उठाए जाएं। छह राष्ट्रों द्वारा इस सम्बन्ध में पहल की गई है। जनवरी, 1985 में दिल्ली में की गई घोषणा का सारे संसार के जनमत पर अच्छा असर पड़ा है। छह राष्ट्रों के नेता अगले कदमों के बारे में एक दूसरे से सम्पर्क बनाए हुए हैं।

38. पिछले वर्ष में उप-महाद्वीप के वातावरण में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। हमने अनेक क्षेत्रों में अपने पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों को बेहतर बनाने में प्रगति की है। परन्तु हम श्रीलंका में जातीय समस्या से उत्पन्न स्थिति और पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की क्षमता हासिल करने की लगातार कोशिशों से चिंतित हैं। हम यह मानते हैं कि श्रीलंका की स्थिति केवल राजनीतिक आधार पर ही हल की जा सकती है, सैनिक हल ढूँढने की कोशिशें असफल रहेंगी और इसका परिणाम यह होगा कि बहुत बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा।

39. ढाका में दिसम्बर 1985 में हुई दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संस्था (सार्क) की स्थापना का सरकार स्वागत करती है। हम आशा करते हैं कि इससे हमारे क्षेत्र में दोस्ती और सहयोग की शक्तियों को बल मिलेगा।

40. सरकार ने तनाव के मुख्य क्षेत्रों को कम करने के लिए अथक प्रयास किए हैं। अक्तूबर में बहामा में हुई राष्ट्रमण्डल देशों की बैठक में, जिसमें हमारे प्रधान मंत्री ने भाग लिया था, हमारे प्रतिनिधि मण्डल ने दक्षिण अफ्रीका के सम्बन्ध में राष्ट्रमण्डल समझौते के स्वीकार किए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम दक्षिण अफ्रीका में रंग-भेद की नीति पर चलने वाली सरकार के विरुद्ध पूर्ण अधिदेशात्मक प्रतिबंधों की लगातार मांग कर रहे हैं। यदि वहाँ की सरकार, तथा वे सरकारें जो दक्षिण अफ्रीकी सरकार को समझाने की स्थिति में हैं, समय रहते कार्य नहीं करेंगी तो वहाँ बड़े पैमाने पर हिंसा को टाला नहीं जा सकेगा।

41. प्रधान मन्त्री ने संयुक्त राष्ट्र संघ की 40वीं वर्षगांठ में भी भाग लिया। राष्ट्र-मण्डल देशों के नेताओं द्वारा विश्व व्यवस्था के सम्बन्ध में स्वीकार की गई नसाऊ घोषणा में अन्तर्राष्ट्रीय आदर्शों और सिद्धान्तों के प्रति दृढ़ता और संयुक्त राष्ट्र संघ को मजबूत बनाने का जोरदार समर्थन किया गया है। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का समर्थन करना हमारी विदेश

नीति का एक मुख्य अंग है। हम बहुपक्षीय संस्थाओं के लिए बढ़ते हुए खतरे तथा एक पक्षीय कार्यवाही का सहारा लेने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति से चिन्तित हैं। सरकार अन्तर्राष्ट्रीय आतंकवाद से लड़ने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कोशिशों का समर्थन करती है और साथ ही उपनिवेशिक शासन के अधीन लोगों को अपने न्यायपूर्ण उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सभी साधनों का इस्तेमाल करने के अधिकारों को मान्यता देती है।

42. सरकार को इस बात पर खेद है कि फिलिस्तीनी लोगों को उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है जिनमें उनका अपना एक स्वतन्त्र राष्ट्र का अधिकार भी शामिल है। जब तक इस बुनियादी समस्या को हल नहीं किया जाता पश्चिम एशिया में स्थायी शान्ति स्थापित नहीं होगी।

43. प्रधान मन्त्री ने सोवियत संघ, मिश्र, फ्रांस, अल्जीरिया, अमेरिका, भूटान, ब्रिटेन, क्यूबा, नीदरलैण्ड्स, वियतनाम, जापान, ओमान तथा मालदीव की सरकारी यात्रा की। प्रधान मन्त्री की सोवियत नेताओं से मास्को में बातचीत से सोवियत संघ के साथ हमारे परम्परागत गहरे मैत्री सम्बन्ध और मजबूत हुए हैं। अमेरीका की यात्रा से हमारे द्विपक्षीय सम्बन्धों में महत्व-पूर्ण सुधार हुआ है। प्रधान मन्त्री ने भीषण समुद्री तूफान के समय बंगला देश के लोगों के साथ सहानुभूति प्रकट करने के लिए ढाका की यात्रा की तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ की स्थापना के लिए बुलाई गई राज्याध्यक्षों और शासनाध्यक्षों की बैठक में भाग लिया। प्रधान मन्त्री ने फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान युनेस्को में भाषण दिया। उन्होंने जिनेवा में आई०एल०ओ० के वार्षिक सम्मेलन में भी भाषण दिया। नेपाल नरेश, भूटान नरेश, नीदरलैण्ड की महारानी, मैक्सिको, मालदीव, स्वापो, श्रीलंका, तंजानिया, इन्डोनेशिया तथा पाकिस्तान के राष्ट्रपति और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष, इथोपिया के राज्याध्यक्ष तथा पोलैण्ड, यूगोस्लाविया, मोरीशस, ब्रिटेन, न्यूजीलैण्ड, यमन लोकतांत्रिक गणराज्य एवं त्रिनिडाड व टोबेगो के प्रधान मंत्री हमारे देश की राजकीय यात्रा पर आए। नार्वे के युवराज तथा राजकुमारी और पोप ने भी भारत की यात्रा की।

44. अब मैं वर्ष 1986-87 तथा उसके बाद के लिए कुछ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में संक्षेप में बताना चाहूँगा।

45. समय की मांग है कि गरीबों के रहन-सहन के दर्जे को ऊँचा उठाया जाए। इस बुनियादी उद्देश्य की प्राप्ति में विज्ञान तथा टेक्नॉलोजी की सहायता लेनी होगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार निम्नलिखित क्षेत्रों में टेक्नॉलोजी मिशन स्थापित करेगी :—

(i) सभी गांवों में पीने का पानी;

(ii) निरक्षरता दूर करना;

(iii) बच्चों को टीके लगाना तथा उनका प्रतिरक्षण;

(iv) तिलहनों तथा खाद्य तेलों का उत्पादन;

(v) विकसित संचार सुविधायें।

46. इस वर्ष के दौरान उद्योग और कृषि की उत्पादकता में सुधार के लिए टेक्नॉलोजी का प्रयोग करने के उद्देश्य से ऐसे क्षेत्रों को निर्धारित किया जायेगा। चुने हुए क्षेत्रों में विज्ञान और टेक्नॉलोजी मिशन भारत की वैज्ञानिक कार्य-कलापों को पहली पंक्ति में लाने की कोशिश करेंगे।

47. एक व्यापक कृषि नीति बनाई जाएगी जिससे कि साधानों का समुचित उपयोग हो सके, जल और मिट्टी की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए, सभी फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जाए, छोटे और सीमांत किसानों की आय में वृद्धि की जाए, और तेलहन तथा दालों की पैदावार को बढ़ाकर अनाज के मामले में कड़ी मेहनत से हासिल की गई आत्मनिर्भरता को बढ़ाया जाए। पूर्वी क्षेत्र में हरी क्रांति लाने के लिए एक समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी।

48. यह संतोष की बात है जल को एक राष्ट्रीय संसाधन समझने पर राष्ट्रीय सहमति तैयार हुई है। सरकार राष्ट्रीय जल नीति के विकास को उच्च प्राथमिकता देती है जिससे कृषि, उद्योग और दूसरी सामाजिक जरूरतों के लिए जल का अधिकतम उपयोग होगा।

49. सरकार ने हमारे परिवार नियोजन कार्यक्रमों का गहन विश्लेषण किया है। पिछले अनुभवों का लाभ उठाते हुए परिवार नियोजन के लिए एक अधिक कारगर नीति तैयार की जा रही है जिसकी जल्दी ही घोषणा की जाएगी।

50. गरीबी दूर करने के कार्यक्रमों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। संशोधित 20 सूत्री कार्यक्रम की उपलब्धियों पर आधारित एक नया कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है और उसकी घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी। इसमें बड़े पैमाने पर गरीबी के सभी पहलुओं, विशेषकर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति की समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर एक मुख्य प्रयास के रूप में सभी तत्वों, नीतियों और कार्यक्रमों को शामिल किया जाएगा। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक विकास के कार्यक्रमों को जोर-शोर से लागू किया जाएगा। अल्पसंख्यकों के विकास के लिए 15 सूत्रीय कार्यक्रम को लागू करने पर जिसमें आर्थिक उन्नति के अवसर बढ़ाए जाने पर खास जोर दिया गया है, पूरी नजर रखी जाएगी।

51. जनसामान्य को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ाने, पिछड़े क्षेत्रों के विकास में गति लाने और भारतीय उद्योग की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए उद्योग नीति को एक व्यापक स्वरूप देने की आवश्यकता है। हमारी उद्योग नीति में पहले ही काफी परिवर्तन किए गए हैं, जो कि अब आधुनिकीकरण के नए आयाम, नयी तकनीकों के समावेश तथा देशी तकनीकों के विकास के रूप में हमें देखने को मिल रहे हैं। ऊंची लागत और अकुशल उद्योगों से गरीबों को तकलीफ होती है क्योंकि ये उन साधनों को अपने में समा लेते हैं जो गरीबों को नए रोजगार दिलाने के लिए जरूरी होते हैं। वस्तुओं के उत्पादन और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लिए सेवाओं में हर सम्भव वृद्धि करना गरीबी हटाने की हमारी नीति का मुख्य लक्ष्य है। इसके लिए उत्पादन का पैमाना, क्षमता उपयोग, स्वदेशी टेक्नॉलोजी की भूमिका, श्रम उत्पादकता, विस्तृत नियंत्रक कार्य प्रणाली, भविष्य में लघु और मध्यम उद्योगों

के महत्व और मौजूदा प्रशासनिक तथा प्रबन्ध-तंत्र का संचालन करने वाली नीतियों पर नए सिरे से विचार करना होगा। उद्योगों को चहिए कि वे विशाल जन समुदाय की सेवा करें।

52. भुगतान शेषों की एक व्यावहारिक स्थिति बनाए रखने की चुनौती का सामना करने के लिए निर्यात और पर्यटन को बढ़ावा देने की भारी जरूरत है। इन क्षेत्रों की उन्नति में किसी तरह की असावधानी हमारी सम्पूर्ण विकास नीति को ही संकट में डाल देगी। सरकार इस अहम क्षेत्र में नई पहल करेगी।

53. हमारे प्रशासनिक ढांचे में परिवर्तन की आवश्यकता है जिससे कि सामाजिक न्याय के साथ विकास के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। सरकार में प्रबन्ध को नई सामाजिक विचार धारा के अनुरूप ढालना है। यह ऊपर से कुछ लादने का प्रश्न नहीं है। सुधार की भावना अन्दर से आनी चाहिए। सम्पूर्ण राष्ट्रीय समुदाय को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से ताल्लुक रखने वाले मुद्दों पर बहस में हिस्सा लेना चाहिए। इसी प्रकार एक ठोस कार्यक्रम सामने आएगा। हमारे प्रशासन में कार्यकुशलता और जिम्मेदारी की भावना आनी चाहिए।

54. हमें अपनी बुनियादी राजनैतिक संस्थाओं को स्वस्थ और प्राणवान रखने के लिए अपने चुनाव सम्बन्धी तथा अन्य कानूनों को बदलने की जरूरत होगी। सरकार ठोस सुझावों के लिए राजनैतिक पार्टियों के नेताओं से विस्तार के साथ सलाह-मशविरा करेगी जिससे कि सार्वजनिक जीवन को और साफ-सुथरा बनाया जा सके।

55. एक शक्तिशाली भारत की कल्पना तभी साकार होगी जबकि पुरुषों और महिलाओं के वास्तविक जीवन में चरित्र-बल, उद्देश्य के प्रति दृढ़ता और श्रेष्ठता के प्रति वचनबद्धता होगी। मानव संसाधनों के विकास के लिए सरकार की नीति का लक्ष्य हमारे राष्ट्रीय जीवन में इन गुणों का विकास करना है। नई शिक्षा नीति इस नीति का एक अभिन्न अंग होगी। इसका उद्देश्य सद्भावनापूर्ण वातावरण में समाज का शारीरिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और नैतिक विकास करना होगा।

56. केवल लक्ष्यों की बात करना काफी नहीं होगा। नई शिक्षा नीति को लागू करने में आवश्यक साधन मिलते रहें, इसके लिए राष्ट्रीय गतिशीलता आवश्यक है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस क्षेत्र में की जा रही राष्ट्रीय कोशिशों को एक नई दिशा देने में युवकों, विद्यार्थियों, अध्यापकों, बुद्धिजीवियों, कामगारों तथा किसानों का योगदान होना चाहिए। अपने सपनों के भारत का निर्माण करने के लिए हमें शिक्षा को कक्षाओं की सीमा से बाहर निकाल कर उसे एक सामाजिक प्रक्रिया का रूप देना होगा। हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने और उसे समृद्ध बनाने के अपने दृढ़ निश्चय और उत्पादन, दोनों ही के साथ शिक्षा को और मजबूती के साथ जोड़ना होगा ताकि हम अपने भारतीय होने पर गर्व कर सकें।

57. आने वाले वर्ष चुनौतियों के वर्ष हैं। सरकार ने विकास में तेजी लाने, अर्थ-व्यवस्था को आधुनिक बनाने और सामजिक न्याय हासिल करने के अपने कार्यक्रमों को नया रूप देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। यह जरूरी है कि इन्हें लागू करने के काम की अहमियत को समझाया जाए।

58. पिछले वर्ष हमारी बहुत-सी उपलब्धियां रहीं। हमारी जनता को हमसे बड़ी आशायें तथा आकांक्षायें हैं। उनके प्रतिनिधि होने के नाते उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना आपका प्रमुख कर्त्तव्य है। इन सबसे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे समाज की धर्मनिरपेक्ष और लोकतन्त्र की बुनियादों को मजबूत बनाने के लिए जनता के प्रतिनिधियों और सभी राजनैतिक विचार-धाराओं के संगठनों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। हिंसा और कट्टरता की ताकतों के साथ लड़ना होगा। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हमने अपनी आर्थिक क्षमताओं को इतना मजबूत बना लिया है कि अब हम दृढ़ और सम्मिलित कोशिशों के जरिए आगे बढ़ सकते हैं और निर्धनता को दूर कर सकते हैं। अब समय आ गया है कि हम और अधिक राजनैतिक समरसता पैदा करें, जिससे कि निर्धनता और पिछड़ेपन के खिलाफ लड़ाई को जीता जा सके। आपके सामने जो कार्य करने को हैं, उनमें आपकी सफलता की मैं कामना करता हूं। जय हिन्द।

1.16 म०प०

निधन सम्बन्धी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों, चूंकि आज हम दो महीने के अन्तराल के बाद मिल रहे हैं, अत: मुझे सभा को अपने पांच भूतपूर्व साथियों, अर्थात्, सर्वश्री डूंगर सिंह, फूलसिंह जी भरतसिंह दाभी, कंवर लाल गुप्त, एम०एस०के० सत्येन्द्रन और प्रबोध चन्द्र के दु:खद निधन की सूचना देते हुए दु:ख हो रहा है।

श्री डूंगर सिंह 1980-84 के दौरान सातवीं लोक सभा के सदस्य थे। वह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर आये थे। इससे पूर्व वह उत्तर प्रदेश विधान सभा और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य थे।

वह एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता थे और उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग संघ के महासचिव रहे। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए सक्रिय रूप से काम किया। श्री डूंगर सिंह एक डिग्री कालेज के प्रिंसिपल होने के अलावा अनेक शैक्षिक संस्थाओं से सम्बद्ध रहे।

श्री डूंगर सिंह का निधन 2 जनवरी, 1986 को नई दिल्ली में हुआ।

श्री फूलसिंह जी भरतसिंह जी दाभी 1952-57 के दौरान पहली लोक सभा के सदस्य थे। वह भूतपूर्व बम्बई राज्य के उत्तर कैरा निर्वाचन-क्षेत्र से चुनकर आये थे। इससे पूर्व वह 1937-52 के दौरान बम्बई विधान सभा के सदस्य रहे थे।

वह एक वयोवृद्ध स्वाधीनता-सैनानी थे। उन्होंने युवावस्था से ही स्वाधीनता आन्दोलन में सक्रिय भाग लिया और कई बार जेल गये। वह व्यवसाय से शिक्षाविद् और वकील थे और कई शैक्षिक संस्थाओं में कई पदों पर रहे। उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं।

वह एक योग्य संसदविद् और एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता थे। श्री दाभी ने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए अथक प्रयास किया।

श्री फूलसिंह जी, भरतसिंह जी दाभी का निधन नाडियाड, गुजरात, में 11 जनवरी, 1986 को 90 वर्ष की आयु में हुआ।

श्री कंवर लाल गुप्त 1967-70 और 1977-79 के दौरान दिल्ली सदर चुनाव क्षेत्र से चौथी और छठी लोक सभा के सदस्य रहे। इससे पूर्व वह 1953-57 और 1958-62 के दौरान क्रमशः दिल्ली राज्य विधान सभा और दिल्ली नगर निगम के सदस्य रहे।

श्री गुप्त व्यवसाय से एक वकील थे और योग्य संसदविद् थे। वह कई संसदीय समितियों से सम्बद्ध रहे और उन्होंने कई देशों की यात्रा की थी। वह एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता थे और दिल्ली की नागरिक परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष थे। वह कई शैक्षिक संस्थाओं से सम्बद्ध रहे और उन्होंने गरीबों में शिक्षा के प्रसार में गहरी रुचि ली।

श्री कंवर लाल गुप्त का निधन 62 वर्ष की आयु में दिल्ली में 19 जनवरी, 1986 को हुआ।

श्री एम० एस० के० सत्येन्द्रन तमिलनाडु के रामानाथपुरम चुनाव क्षेत्र से 1980-84 के दौरान सातवीं लोक सभा के सदस्य रहे। इससे पूर्व वह 1971-76 के दौरान तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य थे।

वह व्यवसाय से एक व्यापारी और कृषक थे और रामनाड नगरपालिका के चेयरमैन भी थे। वह एक योग्य संसदविद् थे और राज्य की लोक उपक्रम समिति और राज्य मछली-उद्योग सलाहकार समिति से भी सम्बद्ध रहे।

श्री सत्येन्द्रन का निधन 46 वर्ष की आयु में 30 जनवरी, 1986 को रामानाथपुरम में हुआ।

श्री प्रबोध चन्द्र 1970 और 1971-77 के दौरान पंजाब के गुरदासपुर चुनाव क्षेत्र से क्रमशः चौथी और पाँचवीं लोक सभा के सदस्य रहे। इससे पूर्व वह 1946-69 के दौरान पंजाब विधान सभा के सदस्य रहे।

वह एक वयोवृद्ध स्वाधीनता सैनानी थे और अपनी युवावस्था से ही स्वाधीनता आंदोलन से सम्बद्ध रहे और कई बार जेल गये। वह एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्त्ता और व्यवसाय से किसान थे। उन्होंने ग्रामीण उत्थान में गहरी रुचि ली।

वह एक योग्य संसदविद् थे और पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष रहे। उन्होंने संसदीय सचिव, मुख्य संसदीय सचिव और पंजाब मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के पदों को सुशोभित किया। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं।

श्री प्रबोध चन्द्र का निधन 74 वर्ष की आयु में 8 फरवरी, 1986 को नई-दिल्ली में हुआ ।

हमें इन मित्रों की मृत्यु पर गहरा शोक है और मुझे विश्वास है कि मेरे साथ सभा शोक-संतप्त परिवारों को अपनी हार्दिक संवेदना प्रेषित करेगी ।

अपना शोक अभिव्यक्त करने के लिए माननीय सदस्य खड़े होकर कुछ क्षण के लिए मौन धारण करेंगे ।

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे ।

1.19 म०प०

सभा-पटल पर रखे गये पत्र

[अनुवाद]

"रावी-व्यास जल अधिकरण" के गठन की अधिसूचना और उक्त अधिकरण के निर्देश की एक प्रति

जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूँ :

(1) अधिसूचना संख्या का०आ० 28(अ), जो 25 जनवरी, 1986 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा "रावी-व्यास जल अधिकरण" गठित किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उक्त अधिकरण के प्रति निर्देश संख्या 15(2)/85-आई०टी० दिनांक 25 जनवरी, 1986 की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

[ग्रन्थालय में रखी गई । देखिए संख्या एल०टी० 1948/86]

प्रशासनिक अधिकरण (संशोधन) अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 1), रावी-व्यास जल अधिकरण अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्याक 2), ठेका श्रम (विनियमन और उत्पादन) संशोधन अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 3), मोटरयान (संशोधन) अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 4), आदि ।

संसदीय कार्य और पर्यटन मन्त्री (श्री एच० के० एल० भगत) : मैं संविधान के अनुच्छेद 123 (2) (क) के अन्तर्गत निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :

(एक) राष्ट्रपति द्वारा 22 जनवरी, 1986 को प्रख्यापित प्रशासनिक अधिकरण (संशोधन) अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 1)।

[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 1949/86]

(दो) राष्ट्रपति द्वारा 24 जनवरी, 1986 को प्रख्यापित रावी-व्यास जल अधिकरण अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 2)।

[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 1950/86]

(तीन) राष्ट्रपति द्वारा 28 जनवरी, 1986 को प्रख्यापित ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) संशोधन अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 3)।

(ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 1951/86]

(चार) राष्ट्रपति द्वारा 28 जनवरी, 1986 को प्रख्यापित मोटरयान (संशोधन) अध्यादेश, 1986 (1986 का संख्यांक 4)।

[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 1952/86]

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अन्तर्गत अधिसूचनाएं, राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कलकत्ता के वर्ष 1984-85 के वार्षिक प्रतिवेदन और कार्यकरण की समीक्षा

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री (श्रीमती मोहसिना किदवई) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखती हूं :

(1) संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) सा० का० नि० 50 (अ), जो 3 फरवरी, 1983 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनमें 13 नवम्बर, 1982 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या सा० का० नि० 689 (अ) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है।

(दो) सा० का० नि० 631 (अ), जो 17 अगस्त, 1983 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनमें 13 नवम्बर, 1982 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना संख्या सा० का० नि० 689 (अ) में शुद्धि-पत्र दिया हुआ है।

(तीन) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा (संशोधन) नियम, 1985, जो 30 अगस्त, 1985 को भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० का० नि० 696 (अ) में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 1953/86]

(2) (एक) राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कलकत्ता के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा परीक्षित लेखे।

(दो) राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कलकत्ता के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1954/86]

न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष, 1984-85, न्यू मंगलौर ट्रस्ट के वर्ष 1984-85, पारादीपपोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन और कार्यकरण की समीक्षा और न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 के वार्षिक लेखे और वार्षिक लेखे सम्बन्धी समीक्षा।

जल भू-तल परिवहन विभाग में राज्य मन्त्री (श्री राजेश पाइलट) : मैं सभा पटल पर निम्नलिखित पत्र रखता हूं :

(1) (एक) न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1955/86]

(2) (एक) मद्रास पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) मद्रास पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1956/86]

(3) (एक) न्यू मंगलौर पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) न्यू मंगलौर पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1957/86]

(4) (एक) पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) पारादीप पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1958/86]

(5) (एक) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 103 की उपधारा (2) के अन्तर्गत न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक लेखाओं की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(दो) न्हावा-शेवा पोर्ट ट्रस्ट के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक लेखाओं तथा लेखा परीक्षित प्रतिवेदन की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

[ग्रन्थालय में रखी गई। **देखिए** संख्या एल० टी० 1959/86]

साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रतिवेदन और विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण

शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मन्त्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखती हूं।

(1) (एक) साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के वर्ष 1984-85 सम्बन्धी वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखा परीक्षित लेखे।

(दो) साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के वर्ष 1984-85 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) उपरोक्त (11) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रन्थालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 1960/86]

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : अब सभा कल 11 बजे म० पू० तक के लिए स्थगित होती है।

1-21 म० प०

तत्पश्चात् लोक सभा 21 फरवरी, 1986/2 फाल्गुन, 1907 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

मुद्रक : प्रिन्टवैल प्रिन्टर्स, 126 पटपड़गंज दिल्ली-92